# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा : 16076 प्रकरण हुए निराकृत, 6 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ सेटलमेंट

**रायगढ़**

वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया तथा बिलाईगढ़ में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस अवसर पर छ.ग.उच्च न्यायालय बिलासपुर के पोर्टफोलियो जज/न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल के द्वारा जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रबोध टोप्पो, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सहित समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा समस्त मजिस्ट्रेट, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला अधिवक्ता संघ से अध्यक्ष रमेश शर्मा सहित अन्य अधिवक्तागण तथा राजीनामा हेतु उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिला एवं तहसील न्यायालयों तथा रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ के राजस्व न्यायालयों में खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड का भी खण्डपीठ गठन किया गया। जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन हुआ है। जिला एवं तहसील न्यायालयों तथा राजस्व न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले, राजस्व मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 4716 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण

21338 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। इस प्रकार रखे गये कुल 26054 प्रकरणों में से लंबित 3966 एवं प्रीलिटिगेशन 12110 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 16076 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित ब्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, बिलाईगढ़ व राजस्व न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 6 करोड़ 69 लाख 22 हजार 714 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

राजीनामा के आधार पर न्यायालयों में लम्बित 05 वर्ष से अधिक अवधि के 39 प्रकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के 05 एवं महिलाओं के लंबित 33 प्रकरणों का निराकरण हुआ। राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 12302 मामले रखे गये जिनमें से 12006 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ द्वारा किया गया।

आज रायगढ़ के लिये यह ऐतिहासिक उपलब्धि रही है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से मुख्य न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से न्यायालय प्रवीण मिश्रा, न्यायाधीश खण्डपीठ क्र0- 11 में जुड़कर पोर्टफोलियो न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में पति-पत्नि, जो वरिष्ठजन थे, उनके मामले को जो घरेलू हिंसा से संबंधित था तथा जो वर्ष 2021 से लम्बित चला आ रहा था, उसमें राजीनामा कर पति अपनी पत्नी को राजी-खुशी घर ले जाने को तैयार हुआ तथा उसी समय बच्चों को पोटफोलियो जज द्वारा यह समझाईश दी गई कि माता-पिता की सेवा करना और उन्हें अच्छे से रखना यही अपनी ईश्वरी पूजा है, जो अपने भूत, वर्तमान और भविष्य के कर्मों का निर्धारण करता है। समझाईश पश्चात् माननीय पोर्टफोलियो जज द्वारा बुजुर्ग दम्पत्तियों को पौधा जीवन को वृक्ष के समान फलीभूत होने के लिये प्रदान किया गया।

इस नेशनल लोक अदालत में यह भी विशेष रही कि परिवार न्यायालय रायगढ खण्डपीठ क्र.-2 में रखे गये भरण-पोषण का मामला विविध आपराधिक प्रकरण क्र.-एफ 11/2024 में न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा उभय पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण निराकरण के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही सन्तान का दायित्व केवल पुत्र रहने मात्र से पूर्ण नहीं होता, उसे श्रवण कुमार की तरह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है, की समझाईश दी गई। महोदय द्वारा दी गई उक्त समझाईश से दोनों पक्षकार के द्वारा खण्डपीठ के समक्ष राजी-खुशी से समझौता कर अनावेदक पुत्र द्वारा आवेदकगण माता-पिता को 10-10 हजार रूपये प्रतिमाह भरण पोषण की राशि अदा करने हेतु सहमति देते हुए अपना प्रकरण समाप्त किया गया।

न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा रायगढ़ प्रस्थान से पूर्व न्यायाधीशों को अधिकाधिक संख्या में प्रकरण निराकृत किये जाने तथा अधिकाधिक मामलों में राजीनामा करने हेतु उपस्थित पक्षकारों से कहा गया एवं पक्षकारों को पर्यावरण के विषय में जानकारी प्रदान कर, उन्हें पौधा वितरण करने के उपरान्त न्यायालय प्रांगण में उनके स्वयं के द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुंशी से डेढ़ लाख की लूट

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक राईसमिल के मुंशी से अज्ञात लूटेरों ने डेढ़ लाख रूपये से भरा बैग लूट लिये और फरार हो गये। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां मौहर गांव का रहने वाला दिलीप सिंह शहर के एक राइसमिल के मुंशी का काम करता है। शुक्रवार को वह बैंक से पैसे निकालकर अपनी मोटरसायकल से एफ सीआई गोदाम की ओर जा रहा था। इसी दौरान सिटी कोतवाली थाने के पास बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक किया और फि र 10 रुपये गिरने का झांसा दिया। दिलीप सिंह ने जैसे ही गाड़ी की रफ्तार कम की तो बदमाश उससे रुपयों से भरा बैग लूटकर फ रार हो गए। बैग में 1 लाख 54 हजार रुपये रखे हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान मौके पर एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल भी पहुंचे थे। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात लूटेरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक के साथ ही सडक़ किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बदमाशों के बारे में पता लगाने में जुटी है।

### ट्रैक्टर से प्लांटेशन की कटाई कर रहे ग्रामीणों पर हुई कार्यवाही, ट्रैक्टर जब्त

**रामानुजगंज (आरएनएस)।** रामानुजगंज वन क्षेत्र धमनी के अंतर्गत ग्राम विमलापुर में वन भूमि के वृक्षारोपण क्षेत्र में अतिक्रमण कर ढाई हेक्टेयर में दो ग्रामीणों के द्वारा प्लांटेशन की कटाई कर ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे।जिसकी सूचना जब रेंजर अजय वर्मा को लगी तो तत्काल वन अमला मौके पर भेजा। जिनके द्वारा टैक्टर को जप्ती की कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार के शाम 4 बजे के करीब वन विभाग सूचना मिली कि विमलापुर के रसीद पिता वकील एवं कन्हाई पिता राम रतन के द्वारा कच्छ क्रमांक पी 482 वन खंड अनमोल के ढाई हेक्टेयर में ट्रैक्टर से जुताई की जा रही है वही प्लांटेशन एरिया के पौधों को भी काट दिया गया है। सूचना पर तत्काल वन अमला मौके पर पहुंच जिनके द्वारा जुटाई कर ट्रैक्टर को जप्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रहा है।

### कबाड़ियों से 7 टन कबाड़ और तीन वाहन जब्त

**कोरबा (आरएनएस)।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है, उक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक रवींद्र कुमार मीना और नगर पुलिस अधीक्षक प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में कबाड़ का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि शहर में चोरी छिपे कबाड़ का अवैध व्यापार किया जा रहा है, उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली थाना अंतर्गत राताखार से एक माजदा से पाँच टन कबाड़ चौकी मानिकपुर क्षेत्रंतार्गत रामनगर बाइपास रोड से एक पिकअप वाहन से 1351द्मद्द कबाड़ तथा थाना कटघोरा से 3 क्विंटल कबाड़ कुल 7 टन कबाड़ कुल मशरूका क़ीमती लगभग 17 लाख रू को जप्त कर अलग-अलग थाना चौकी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही हैं।

## पुलिस ने नाकेबंदी कर माजदा वाहन में परिवहन किए जा रहे 8 टन अवैध कबाड़ को किया जब्त

- कबाड़ के अवैध परिवहन पर कोतरा रोड पुलिस की कार्यवाही

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं कबाड़ पर कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मुखबिर एवं स्टाफ सक्रिय कर सभी अनैतिक गतिविधियों पर सतत निगाह रखी जा रही है।




इसी क्रम में दिनांक 12/07/2024 के शाम टाउन पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध कबाड़ लोड माजदा वाहन NH-49 में धनागर से आगे की ओर जा रही है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ नंदेली तिराहा चौक मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर संदिग्ध माजदा वाहन 1512 क्रमांक सीजी 13 ए.व्ही.-3986 को रोक कर चेक किया गया। वाहन में भारी मात्रा में लोहे के टुकड़े, पुराना छड़ लोड था। वाहन चालक गुफरान अंसारी से पूछताछ कर वाहन में लोड कबाड़ के संबंध में आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई, वाहन चालक द्वारा कोई कागजात नहीं होना बताया। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा वाहन में लोड स्कैप चोरी की संपत्ति के आधार पर आरोपित गुफरान अंसारी पिता अब्बास अंसारी उम्र 23 साल निवासी पांकी मस्जिद मोहल्ला थाना पांकी जिला पलामू (झारखंड) हाल मुकाम लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ पर इस्तगासा धारा 35 (क)(ड) BNSS/ 303(2) BNS के तहत कार्यवाही कर अवैध कबाड 8 टन कीमत रु.1,16,000 मय वाहन जप्ती की गई।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकार, डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर अवैध कबाड़ पर की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, आरक्षक चंद्रेश पांडे, सतीश सिंह और राकेश नायक शामिल थे।

## बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई : मूल पहचान पत्र से ही केन्द्र में मिलेगा प्रवेश

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 14 जुलाई 2024 को रायगढ़ जिला मुख्यालय में बीएससी नर्सिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। बीएससी नर्सिंग की परीक्षा प्रात: 10 बजे से अप्रैल में 12.15 बजे तक सम्पन्न होगी। रायगढ़ जिले के अंतर्गत नगरीय सीमा क्षेत्र में आठ परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा केंद्र नटवर स्कूल में 400, पॉलिटेक्निक कॉलेज में 350, चक्रधरनगर हायर सेकेंडरी स्कूल में 250, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कोष्टापारा में 300, जूटमिल हायर सेकेंडरी स्कूल में 250, केवड़ाबाड़ी हाई स्कूल में 200, कन्या महाविद्यालय में 250 एवं कॉमर्स कॉलेज में 157 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे एवं परीक्षा प्रारंभ होने की 15 मिनट के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

### मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य

सभी परीक्षार्थी अपना फोटो युक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय के फोटो परिचय पत्र, फोटो युक्त अंकसूची, बोर्ड परीक्षा के लिए जारी फोटोयुक्त प्रवेश पत्र आदि लेकर आना अनिवार्य होगा। ध्यान रखें फोटोकॉपी या मोबाइल में परिचय पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर उपरोक्त मूल पहचान पत्र में से कोई एक लेकर अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी अपने साथ व्यापक द्वारा जारी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट में जाकर प्रिंट आउट निकाल कर उस प्रिंटआउट को लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना आवश्यक होगा। इसमें से व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा करनी होगी। परीक्षार्थी अपने साथ ओएमआर शीट लिखने के लिए नीले एवं काले रंग का बालपॉइंट पेन लेकर आए। परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लेकर आना मना है।

### परीक्षा केंद्र की कर लें पूर्व जांच

सभी परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र में दर्शित केंद्र को जाकर लोकेशन अवश्य देख लेनी चाहिये एवं समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो जायें, गलत परीक्षा केंद्र में शामिल होने की स्थिति में ओएमआर शीट की जांच नही होगी।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नर्सिंग परीक्षा के सफल संचालन के लिये महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ मोबाइल नम्बर 77468-59383 को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा मोबाइल नम्बर 70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी बनायाहै।

## युवक की मदद के बहाने दो लड़कों ने किया मोटर सायकल और 2,000 रुपए की लूट

- लूटपाट करने वाले दोनों आरोपियों को खरसिया पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पुलिस ने लूट की बाइक और रुपए के साथ आरोपियों की मोटरसाइकिल भी की जब्त

**रायगढ़**



दिनांक 12/07/2024 को पंजरी प्लांट रायगढ़ में रहने वाले दिलीप कुमार मार्को (उम्र 44 साल) द्वारा थाना खरसिया में उसकी स्पलेण्डर मोटरसाइकिल और रु.2,000 को ग्राम खुर्सीपाली के पास दो अज्ञात लड़को द्वारा लूटपाट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि बाराद्वार सरवानी में पैत्रिक घर है। 09 जुलाई को अपने मोटर सायकल स्प्लेडर प्लस क्रमांक CG 13 P- 0950 बाराद्वार सरवानी गया था। जहां एक दिन रूकने के बाद दूसरे दिन परिचित मुन्ना ठाकुर के घर गांव सकरेली कला मिलने गया और वहां से रायगढ़ के लिए बाइक पर निकला। रात्रि वापस लौटते समय बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया जैसे-तैसे मोटरसाइकिल को ढुलाते रॉक गार्डन बोतल्दा पहलवान ढाबा के पास पहुंचा। जहां दो लड़के आए और पूछे, जिन्हें मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म हो जाना बताया। तब दोनों लड़के पेट्रोल दिलाते हैं चलो बोले। एक लड़का अपने साइन बाइक में बिठाया और दूसरा स्पलेण्डर बाइक को चोक करते हुए खुर्सीपाली लाये, रास्ते में सुनसान स्थान पर गाड़ी खड़ी कर हाथ मुक्के और बेल्ट से मारपीट कर नगदी रु.2000 और मोटरसाइकिल को लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 426/2024 धारा 309(6),3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत लूट अपराध पंजीबद्ध किया गया।

गंभीर वारदात की सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा शीघ्र अधिकारियों को माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिए। थाना प्रभारी खरसिया कुमार गौरव साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा पीड़ित के बताए हुलिए की जानकारी लेकर मुखबीरों को आरोपियों की सूचना देने लगाया गया। शीघ्र संदेही योगेश पटेल और होरीलाल सिदार निवासी खुर्सीपाली बोतल्दा को हिरासत में लिया गया जिनसे लूटपाट के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर लूटपाट करना स्वीकार किया है। आरोपी योगेश पटैल पिता दिलचंद पटैल 22 साल और होरीलाल सिदार पिता फुलसिंह सिदार 27 साल दोनों निवासी ग्राम खुर्सीपाली बोतल्दा थाना खरसिया के मेमोरेंडम पर दिलीप मार्को से लूटी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बाइक CG 13 P 0950 एवं रु.2000 तथा आरोपियों द्वारा मोटर घटना में प्रयुक्त की होंडा साइन मोटरसाइकिल सीजी 13 ए.एक्स.- 5517 कुल-रु.92,000 की मशरूका की जप्ती की गई है। आरोपियों को आज शाम गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## छत्तीसगढ़ से यूपी जाने वाली दो ट्रेनें रद्द



**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों के लिए बुरी खबर है। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग काम की वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित दो गाडिय़ों को कैंसिल कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल के रगौल-भरवां सुमेरपुर-यमुना साउथ बैंक लाइन दोहरीकरण काम के लिए खरियार-भीमसेन रेलखंड में 17 जुलाई को नॉन-इंटरलाकिंग का काम किया जाएगा। इसके चलते 16 जुलाई को गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग-कानपुर, बेतवा एक्सप्रेस तथा 17 जुलाई को गाड़ी संख्या 18204 कानपुर- दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक 1 एक्स्ट्रा जनरल कोच और 3 स्लीपर कोच जोड़े जा रहे हैं।

## लोहा बाजार में बडी गिरावट, सस्ता हुआ सरिया

**रायपुर । आरएनएस**



भवन निर्माण का यह काफी अच्छा समय कहा जा सकता है। भवन निर्माण सामग्री बाजार इन दिनों मंदी के दौर से गुजर रहा है और बाहरी के साथ स्थानीय मांग भी गायब है।

इसके चलते बीते 24 दिनों में लोहा बाजार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। इन 24 दिनों में सरिया 5000 रुपये टन सस्ता हो गया है। फैक्ट्रियों में सरिया 50,500 रुपये प्रति टन और रिटेल मार्केट में 54,000 रुपये प्रति टन बिका। इससे पहले 17 जून को सरिया रिटेल में 59 हजार रुपये प्रति टन तक बिक रहा था। सरिया की यह कीमत कोराना काल के दौरान थी।

सरिया कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और गिरावट के ही संकेत बने हुए है। स्टील उद्योगों की हालत इन दिनों काफी खराब है, एक ओर जहां कीमतों में लगातार गिरावट आ रही है, वहीं बिजली की बढ़ी हुई दरों के चलते इनकी उत्पादन लागत भी बढ़ गई है। सरिया के साथ ही सीमेंट की कीमतों में भी अभी स्थिरता है और रिटेल में 280 से 300 रुपये प्रति बैग बिक रही है।

कारोबारियों का कहना है कि सीमेंट की कीमतों में भी किसी भी प्रकार से तेजी की संभावना नहीं है। अभी बाजार किसी भी प्रकार से तेजी को सपोर्ट नहीं कर रहा है। भवन निर्माण सामग्री में गिरावट के कारण इन दिनों बिल्डर्स कंपनियां भी किसी भी प्रकार से अपने प्रोजेक्टों की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं कर रही है,बल्कि उपभोक्ताओं को रिझाने आफर की पेशकश कर रही है।

**रेत हुई महंगी-** रेत की कीमतों में हालांकि जबरदस्त तेजी आई है। साथ ही सप्लाई भी प्रभावित है। इन दिनों रेत 19 से 20 रुपये फुट बिक रही है। इसके साथ ही ईंट भी 7000-7500 रुपये (प्रति एक हजार) के हिसाब से बिक रहा है।

## स्पोकन इंग्लिश का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

- विकासखंड रायगढ़ के 205 प्राथमिक शालाओं के 100 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**रायगढ़**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ तथा राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड रायगढ़ की 205 प्राथमिक शालाओं के 100 शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में भुनेश्वर चौहान, सुमन पटेल, रश्मि नायक तथा चौहान मैडम के द्वारा सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से तथा अलग-अलग प्रविधियां के द्वारा लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी भाषा के प्रति पैदा हो रहे डर को दूर करना तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष करना है। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को हिंदी में बात करने की अनुमति नहीं थी, किसी भी प्रकार के विचार तथा प्रश्न को अंग्रेजी में ही पूछ कर व्यक्त किया जा सकता था। प्रशिक्षण का संचालन समग्र शिक्षा अभियान विकासखंड स्त्रोत केंद्र कार्यालय के द्वारा किया जा रहा है।

प्रशिक्षण अवधि में विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक मनोज अग्रवाल के द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा व्यवस्था बनाए रखने में के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि राज्य की शासकीय शालाओं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन तो किया जाता था परंतु स्पोकन इंग्लिश पर इस प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। प्रशिक्षार्थियों के उत्साह तथा लगन को देखते हुए उम्मीद है कि आगामी दिवसों में विकास खंड तथा जिले की शालाओं में अंग्रेजी विषय की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। यह प्रशिक्षण प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक के सभी शिक्षकों को दिया जाना है। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण विकासखंड को दो भागों में बांटकर क्रमश: माध्यमिक शाला जुर्डा तथा प्राथमिक शाला ननसिया में दिया जा रहा है। विकासखंड रायगढ़ में चल रहे स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण का निरीक्षण डाईट प्राचार्य अनिल पैंकरा, डाइट के लेक्चर अनिल गबेल, भूषण प्रधान, बृजेश द्विवेदी द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480